बैंकिंग उत्कृष्टता के नए मानकों की स्थापना

भारतीय स्टेट बैंक प्रौद्योगिकी बदलावों से अनजान नहीं है।

योनो एक बहुमाध्यम इंटरफ़ेस है जो बैंकिंग उद्योग के भीतर डिजिटल क्रांति ला रहा है।

भविष्य की तैयारी

अपने व्यवसाय को बढ़ाने के लिए भविष्य की तैयारी।

निर्णय लेने और दक्षता बढ़ाने में ऑटोमेशन के लिए हमने फिनटेक को एक अवसर के रूप में अपनाया।

अगर युवा पीढ़ी में लगातार बढ़ते ऑनलाइन और मोबाइल बैंकिंग के उपयोग से कोई संकेत मिलता है तो वह है कि अब युवा पीढ़ी के लिए पारंपरिक बैंकिंग कम प्रासंगिक होगी। नकदीरहित अर्थव्यवस्था में अब पहले से कहीं अधिक तेजी से डिजिटल परिवर्तन हो रहे हैं और कहीं अधिक बैंकिंग संगठन डिजिटल बैंकिंग को अपना रहे हैं। एसबीआई में, हम इस प्रवृत्ति के बारे में अत्यधिक जागरूक हैं और हम उभरते डिजिटल भारत की सेवा के लिए डिजिटल परिवर्तन अभियान का नेतृत्व कर रहे हैं।

बैंकिंग उद्योग में हमारे आकार, पैमाने और विकास को देखते हुए हमारा मानना है कि इस डिजिटल युग में बने रहने एवं उन्नति करने के लिए, हम सबसे बेहतर स्थिति में हैं।

आज डिजिटल टेक्नॉलाजी फर्मों को कुशल, व्यवसाय का अनुमान लगाने एवं भविष्य के लिए तैयार करने हेतु उन्हें नई क्षमताओं का निर्माण करने में सक्षम बनाकर नवाचारों को उजागर कर रही हैं। डिजिटल प्रौद्योगिकी का प्रभाव परिवर्तनकारी और व्यापक हैं और बैंकिंग का कोई भी हिस्सा इससे अछूता नहीं रहेगा। डिजिटल व्यापार परिस्थितिकी तंत्र बैंकिंग को बदल रहे हैं।

प्रौद्योगिकी का उपयोग कर हमने समझने, सोचने और कार्य करने की अपनी क्षमता को बढ़ाया है, तथा निर्णय प्रक्रिया को तेज किया है।

इसके अतिरिक्त, हम ग्राहक संपर्क के विभिन्न टच-पॉइंट के माध्यम से ग्राहकों की समस्याओं का समाधान करने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग कर रहे हैं।

यह एक बेहतर ग्राहक अनुभव प्रदान करने के लिए हमारे सिस्टम को एकीकृत कर रहा है, जिसके परिणामस्वरूप हमारे ग्राहक कम समय में अधिक लाभ उठा सकते हैं। योनो, हमारा फ़्लैगशिप सर्व-व्यापक डिजिटल प्लेटफॉर्म, लाखों ग्राहकों को अत्याधुनिक डिजिटल सेवाएँ प्रदान कर रहा है, जो हमारी तकनीकी कौशल का प्रमाण है।

योनो एक एकीकृत मूल्यवर्धित उत्पाद है, जो नवोन्मेषी बैंकिंग ऑफरों जैसे योनो कैश, योनो बिजनेस, योनो क्विक पे, पूर्व-अनुमोदित ऋण तथा लाइफस्टाइल एवं 111 मर्चेंट-पार्टनर से खरीददारी के माध्यम से ग्राहकों की बैंकिंग व उससे आगे की जरूरतों को पूरा कर रहा है।

ऑनलाइन बैंकिंग के लिए ग्राहक तेजी से हमें चुन रहे हैं और योनो हमें उनके साथ सहजता से जोड़ रहा है। 31 मार्च 2022 को योनो ने 111.74 मिलियन डाउनलोड, प्रतिदिन 26 हजार नए बचत खातों और 48.35 मिलियन पंजीकृत उपयोगकर्ताओं के साथ एक कीर्तिमान स्थापित किया है।

ये आँकड़े भारतीय स्टेट बैंक के लिए डिजिटल बैंकिंग की संभाव्यता/क्षमता को प्रदर्शित करते हैं।

"एसबीआई में, हम एनालिटिक्स की शक्ति का उपयोग बहुचैनल डिजिटल बैंकिंग को अपनाने में आने वाली बाधाओं को कम करने में कर रहे हैं।"

yono SBI

~111 मिलियन
डाउनलोड

48.35 मिलियन
पंजीकरण

₹21,118 करोड़
पूर्व-अनुमोदित वैयक्तिक ऋण (पीएपीएल) विस्तारित, वित्तीय वर्ष 2022 में

16.62 मिलियन
एक दिन में लॉगिन